Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 27th June, 2023

Job Notification by SSC for Recruitment

नोटिफिकेशन जारी... 12 अगस्त से शुरू होगी परीक्षा

कांस्टेबल भर्ती के आवेदन 26 से; फिजिकल टेस्ट के 100 मार्क्स, इसमें दौड़ के 40, लंबी कूद-गोला फेंक के 30-30

इंदौर/ भोपाल | DBStar

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने मप्र गृह विभाग के लिए 7 हजार 411 पदों पर कांस्टेबल भर्ती करने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इनमें 2646 पद विशेष सशस्त्र बल के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए हैं और विशेष सशस्त्र बल को छोड़कर 4444 हैं। कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) के 371 पद हैं। इस तरह कुल 7 हजार 411 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 26 जून से शुरू हो जाएगी। आवेदन की आखिरी तारीख 10 जुलाई है।

आवेदन में त्रुटि सुधार 26 जून से 15 जुलाई तक हो सकेगा। फर्स्ट फेज की चयन परीक्षा के लिए कम्प्यूटर बेस्ट ऑनलाइन टेस्ट होगा। यह परीक्षा 12 अगस्त शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) की अंतिम मेरिट लिस्ट लिखित परीक्षा (कुल 100 अंक) और फिजिकल प्रोफिशिएंसी टेस्ट (पीपीटी) (कुल 100 अंक), दोनों के अंक मिलाकर तैयार की जाएगी। इसमें पीपीटी में 800 मीटर दौड़ के अधिकतम 40 अंक, लंबी कूट और गोला फेंक के अधिकतम 30-30 अंक तय किए हैं। फर्स्ट फेज लिखित परीक्षा के कटऑफ अंकों के आधार पर 7 गुना उम्मीदवारों को अगले फेज के लिए चुना जाएगा।

पीपीटी में सफल होने के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाने होंगे। कांस्टेबल (रेडिया ऑपरेटर) के लिए न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक लाने होंगे, लेकिन इस पद के लिए पीपीटी के अंक फर्स्ट फेज के अंक के साथ नहीं जोड़े जाएंगे, केवल क्वालिफाइंग राउंड होगा। लेकिन, इनके लिए जनरल ड्यूटी के समान 100 अंक लिखित परीक्षा के अलावा 100 अंक की प्रायोगिक परीक्षा यानी तकनीकी परीक्षा भी होगी। दोनों प्राप्त अंकों के योग के अधार पर अंतिम मेरिट तैयार होगी।

15% की बनेगी वेटिंग लिस्ट...

- विज्ञापित पदों की संख्या के 15% उम्मीदवारों की वेटिंग लिस्ट बनेगी, जो रिजल्ट घोषित होने के एक वर्ष या नई परीक्षा के रिजल्ट घोषित होने तक (जो भी पहले हो) प्रभावी रहेगी।
- **सिलेबस...** जनरल ड्यूटी, रेडियो ऑपरेटर के लिए फर्स्ट फेज में लिखित परीक्षा में हिंदी भाषा में बहु-विकल्पीय प्रश्न होंगे। दो घंटे में 100 अंक के 100 प्रश्न रहेंगे। 40 अंक के सामान्य व तार्किक ज्ञान के, 30 अंक के बौद्धिक क्षमता व मानसिक अभिरुचि और 30 अंक के विज्ञान एवं सरल अंक गणित के प्रश्न होंगे। हर प्रश्न 1 अंक का होगा। कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) के लिए तकनीकी परीक्षा भी अधिकतम 100 अंक की होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल्स और हार्डवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर (कंप्यूटर एप्लीकेशन नहीं) टेली कम्युनिकेशन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक या सूचना प्रौद्योगिकी इंजीनियर के क्षेत्र में 2 वर्ष सर्टिफिकेट केस स्तर के सवाल होंगे।

पीपीटी... महिला-पुरुष उम्मीदवारों के लिए व्यवस्था

- **दौड़...** इसके अंकों का बंटवारा 0 से 40 तक अलग-अलग हिस्सों में किया है। पुरुष उम्मीदवार को 198.3 सेकंड से अधिक लगते हैं तो 0 अंक मिलेगा। 196.4 से 198.3 सेकंड तक दौड़ पूरी करने पर 1 अंक मिलेगा। 126.1 सेकंड से कम और 124.2 सेकंड तक या पूरी दौड़ करने पर 40 अंक मिलेंगे। महिला उम्मीदवार को 261.8 सेकंड से अधिक समय लगता है 0 अंक मिलेगा।
- **लंबी कूद...** इसे भी 0 से 30 अंक में बांटा है। पुरुष उम्मीदवार को 2.96 मीटर से कम कूद पर 0 अंक मिलेगा। 3.05 से 2.96 मीटर तक कूद पर 1 अंक मिलेगे। 5.57 मीटर या इससे अधिक कूद पर 30 अंक मिलेंगे। महिला उम्मीदवार को 2.04 मीटर से कम कूद पर 0 अंक मिलेगा। 2.12 से कम और 2.04 मीटर तक कूद पर 1 अंक मिलेगा। 4.36 मीटर या इससे अधिक कूद पर 30 अंक मिलेंगे।
- **गोला फेंक...** पीपीटी के तहत पुरुष उम्मीदवार के लिए गोला-फेंक के गोले का वजन 7.26 किलो ग्राम और महिला के लिए गोले का वजन 4 किलो ग्राम होगा। पुरुष उम्मीदवार को 3.83 मीटर से कम गोला फेंक पर 0 अंक मिलेगा। 4 से कम और 3.83 मीटर तक गोला फेंक पर 1 अंक मिलेगा। 8.76 मीटर या इससे अधिक गोला फेंक पर 30 अंक मिलेंगे। महिला उम्मीदवार को 2.85 मीटर से कम गोला फेंक पर 0 अंक मिलेगा। 3 से कम और 2.85 मीटर तक फेंक पर 1 अंक मिलेगा। 7.20 मीटर या इससे अधिक फेंक पर 30 अंक मिलेंगे।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)